'द लास्ट कलर' का आईएफएफएम 2019 के दौरान होगा ऑस्ट्रेलियन प्रीमियर

हाल ही में रिलीज हुई फिल्म बधाई हो में अपनी बेबाक अदाकारी से देश भर में तहलका मचाने वाली अभिनेत्री नीना गुप्ता अब एक बार फिर से मेलबर्न में रंग और जलवा बिखेरने को तैयार हैं। बता दें कि दिग्गज अभिनेत्री नीना गुप्ता ने एफटीआईआई से ग्रैज्युएट है। अमेरिकी-भारतीय मास्टर शेफ विकास गुप्ता इस साल इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न में अपनी पहली निर्देशित फिल्म द लास्ट कलर के प्रदर्शन को लेकर पूरी तरह तैयार हैं। इस फिल्म में बहुमुखी अभिनेत्री नीना गुप्ता मुख्य भूमिका निभा रहीं हैं। इस वर्ष विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोहों में अपनी सामग्री और बेहतरीन परफॉरमेंस के लिए फिल्म को पहले ही जबरदस्त सराहना मिल चुकी है। फिल्म को जबरदस्त रिव्यूज भी मिले हैं। अब यह फिल्म ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरियन शहर मेलबर्न में पहली बार प्रदर्शन के लिए तैयार है। सभी को पता है कि अंतरराष्ट्रीय मास्टर शेफ नए-नए और स्वादिष्ट व्यंजनों की खोज के लिए जाने जाते हैं, और ऐसे में पहली बार अपनी निर्देशित फिल्म द लास्ट कलर भी उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री और बेहतरीन अभिनय के साथ कुछ इसी तरह का अनुभव प्रदान करता है। फिल्म में नीना गुप्ता द्वारा एक विधवा महिला की भूमिका निभाई गई है, जो वाराणसी के वृंदावन में विधवा महिलाओं के लिए निर्धारित वर्षों पुरानी परंपराओं में जकड़ी हैं। इस बीच 9 साल की बच्ची जिसकी भूमिका अक्सा सिद्दिकी ने निभाई है, की नीना के साथ दोस्ती होती है और इसके बाद वह उसके जीवन में रंग भरने का संकल्प लेती है। फिल्म विकास खन्ना की अपनी खुद की पुस्तक द लास्ट कलर पर आधारित है, जिसने उन्हें फिल्म निर्देशित करने का एक आदर्श विकल्प प्रदान करने के साथ ही इसका मार्ग भी प्रशस्त किया। इस वर्ष इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न 2019 की शुरूआत 8 अगस्त से हो रही है जो आगामी 17 अगस्त तक जारी रहेगी। फिल्म फेस्टिवल के दौरान कई अप्रत्याशित और आश्चर्यजनक अनुभूति भी होगी।